प्रेस नोट संख्या-28

दिनांक 16.10.2026

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

"नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा 500 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व **"नशा मुक्त अमेठी अभियान**" के तहत दिनांक 16.10.2026 को क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री स्वेताभ भास्कर के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र राम आसरे वर्मा निवासी ग्राम नन्दलाल का पुरवा मौजा राजापुर रैनिया थाना अन्तु जनपद प्रतापगढ़ उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

- धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र राम आसरे वर्मा निवासी ग्राम नन्दलाल का पुरवा मौजा राजापुर रैनिया थाना अन्तु जनपद प्रतापगढ़ उम्र 38 वर्ष।

बरामदगी-

- 500 ग्राम गांजा।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही -

- मु0अ0सं0 198/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 राजेश कुमार थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
2. हे0का0 अजय गिरि थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
3. हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
4. का0 दीपेन्द्र सिंह थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।